हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 जनवरी 2024

11 प्रत्येक मंदिर में पांच ध्वजा और 101 दिए वितरित किए


12 नन्हे मुन्ने बच्चों ने मोबाइल एडिक्शन..





## खबर संक्षेप

### आंखों के ऑप्रेशन व कैंसर स्क्रीनिंग जांच कैंप कल

**भिवानी।** भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद का लैंस वाला निःशुल्क ऑप्रेशन एवं कैंसर स्क्रीनिंग कैंप 17 जनवरी बुधवार को सुबह साढ़े 8 बजे से स्थानीय दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रमाणी मंदिर में आयोजित किया जाएगा। भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन ने बताया कि कैंप में गुरुग्राम के इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर व कैंसर स्क्रीनिंग कैंप के लिए राजीव गांधी कैंसर इंस्ट्टियूट एंड रिसर्च सेंटर का सहयोग रहेगा। प्रातः साढ़े 8 बजे से पहले आओ.पहले पाओ के आधार पर मरीजों को 300 टोकन दिए जाएंगे। उन्होंने लोगों से शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया।

### बिजली पेंशनर्स एसो. मनाएगी स्थापना दिवस

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन यूनिट का 14वां स्थापना दिवस पर 18 जनवरी को प्रातः 10 बजे एचवीपीएनएल के विश्राम ग्रह में मनाया गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बालमुकंद बापोड़ा ने बताया कि समारोह में एसई, सभी कार्यकारी अभियंता और तीनों यूनियनों के सर्कल सचिव, प्रधान, सचिव भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह को प्रधान महासचिव आरपी वशिष्ठ एवं रामफल शर्मा संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में एसोसिएशन के सभी सदस्य व बिजली विभाग से सेवानिवृत अधिकारी व कर्मचारी भाग लेंगे।

# धन और स्वास्थ्य से चरित्र अधिक मूल्यवान: दत्तात्रेय

## सीबीएलयू के तीसरे दीक्षांत समारोह में एक मानद, पांच पीएचडी, 22 टॉपर विद्यार्थियों को प्रदान किए गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि युवाओं में किताबी ज्ञान के साथ.साथ नैतिकता व संस्कारों का होना जरूरी है। नई शिक्षा नीति में भी नैतिक मूल्यों को महत्व दिया गया उन्होंने कहा कि जीवन में धन और स्वास्थ्य से अधिक चरित्र मूल्यवान है। विद्यार्थियों को केवल अपने रोजगार की तरफ ध्यान न देकर नवाचार और नई.नई तकनीक अपनाकर रोजगार सृजन करने वाला बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को विकसित राष्ट्र व भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिला जितनी उच्च स्तर पर जाएंगीए देश भी उतनी ऊंचाई पर जाएगा।

राज्यपाल दत्तात्रेय सोमवार गांव प्रेम नगर स्थित चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने एक मानद, पांच पीएचडी, 22 टॉपर विद्यार्थियों को प्रदान किए गोल्ड मेडल प्रदान किए। उन्होंने स्नातक के 6500, स्नातकोत्तर के 1544 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। स्वामी सदानंद को उल्लेखनीय सामाजिक कार्योंं के लिए मानद उपाधि से अलंकृत किया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय परिसर में धनवंतरी हर्बल गार्डन का भी उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय में पहुंचने पर सबसे पहले राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्मारिका का भी विमोचन किया।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने अलंकृत होने वाले विद्यार्थियों का आह्वान कि पढाई व ज्ञान के लिए कमाई के लिए नही होता बल्कि आत्म विश्वास व दृढ़ संकल्प के साथ नौकरी ढूंढने वालों की बजाय नवाचार को अपनाकर नौकरी देने वाले बने। केंद्र सरकार की नीति भी नवाचार को बढाने वाली है। उन्होंने कहा कि आज का यह उपलब्धियों भरा गौरवमय क्षण अथक परिश्रम के साथ.साथ आपके माता.पिता के त्याग, तपस्या और कठोर परिश्रम, आपके गुरुजनों के सहयोग एवं मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय नई तकनीक का है। एक सर्वे के अनुसार 2030 तक विश्व में तीन करोड़ नए रोजगार पैदा होंगे। मुझे विश्वास है कि भारत का युवा नई तकनीक अपनाकर इनमें से दो करोड़ नौकरी अपने हिस्से में लाएगा। दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले कुल 22 में 19 छात्राएं होने पर राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने खुशी प्रकट करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है। यह इस बात का प्रमाण है कि आज महिला प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। स्टार्ट अप और रोजगार सृजन महिलाएं आगे हैं। महिलाओं को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि महिला जितनी उच्च स्तर पर जाएंगी, देश भी उतनी ऊचाई पर जाएगा। हमें महिलाओं का गौरव बढ़ाना चाहिए। उन्होंने चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा कम समय में शैक्षणिक के साथ खेलों, समाज सेवा, नवाचार, सांस्कृतिक क्षेत्र में बड़ी.बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर विश्वविद्यालय प्रशासन को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में 80 प्रतिशत सोलर सिस्टम पर आधारित होने पर विवि प्रशासन करते हुए सोलर ऊर्जा को वर्तमान की बड़ी जरूरत बताया और कहा कि इससे ग्रीन एनर्जी पैदा होगी। विवि ककुलपति प्रो राजकुमार मित्तल ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी गणमान्य पदाधिकारियों का आभार जताया।






भिवानी। द्वीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ और विद्यार्थियों को संबोधित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद** : समारोह में राज्यसभा सांसद पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. डीपी वत्स, विधायक घनश्याम सर्राफ, डीसी नरेश नरवाल, एसपी वरूण सिंगला, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन वीपी यादव, कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा, आईजीयू मीरपुर के कुलपति प्रो जेपी यादव, कुलसचिव डॉ ऋतु, एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा, एएसपी लोगेश कुमार व तहसीलदार आदित्य रंगा आदि मौजूद रहे।




- स्नातक के 6500, स्नातकोत्तर के 1544 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की

# पहली से तीसरी कक्षा के बच्चों की बढ़ी छुट्टियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- अन्य कक्षाओं के बच्चों की लगेंगी दस बजे से लेकर शाम चार बजे तक क्लासें

कड़ाके की ठंड के चलते शिक्षा विभाग ने पहली क्लास से लेकर तीसरी क्लास तक के बच्चों की 20 जनवरी तक छुट्टियां बढ़ा दी है। हालांकि अन्य क्लासों के बच्चों की नियमित कक्षाएं लगेंगे,लेकिन उनके समय में बदलाव करते हुए अब स्कूल सुबह दस बजे से लेकर शाम चार बजे तक लगाए जाने के निर्देश दिया है। इस दौरान पहली से लेकर तीसरी कक्षा को पढ़ाने वाले टीचरों को नियमित स्कूल में पहुंचना होगा। शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षा अधिकारियों को इस बारे में पत्र भेजकर सूचित कर दिया है।

शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर इस आश्य की जानकारी दी है। शिक्षा विभाग ने 15 जनवरी को भेजे पत्र क्रमांक 2/2-2023 एसीडी(12) भेजकर पहली क्लास से लेकर तीसरी क्लास तक के बच्चों की छुट्टी रखे जाने के निर्देश दिए। भेजे निर्देशों में कहा गया कि इन तीनों क्लासों के बच्चे घर पर ही रहेंगे। इन क्लासों को पढाने वाले शिक्षकों को रोजाना स्कूल में जाना होगा। इन क्लासों के बच्चों को 21 जनवरी को रविवार होने की वजह से 22 जनवरी को जाना होगा।

### चौथी से 12 वीं तक लगेंगी कक्षाएं

शिक्षा विभाग ने भेजे निर्देशों में कहा है कि चौथी क्लास से लेकर 12 वीं कक्षा तक के बच्चों की सुबह दस बजे से लेकर शाम चार बजे तक क्लासें लगेंगी। हालांकि शिक्षा विभाग ने चौथी व पांचवीं कक्षा की छुट्टी करने का निर्णय उपायुक्त पर छोड़ा है। वे चाहे तो कर सकते है। अन्यथा अन्य कक्षाओं की भांति इन क्लासों के बच्चों की भी नियमित कक्षाएं लगाई जाएगी।

### सारा स्टाफ स्कूलों में उपस्थित रहेगा

इस दौरान स्कूल का सारा स्टाफ शिक्षक व गैर शिक्षक स्कूलों में उपस्थित रहेगा। उल्लेखनीय है कि कड़ाके की ठंड की वजह से प्रदेश के स्कूलों को 15 जनवरी तक बंद किया गया था। अब वे दोबारा 16 जनवरी को फिर से खुलेंगे। जिसको लेकर शिक्षा विभाग ने दिशा.निर्देश जारी किए है।

### 'लाडो-एक नई पहल' ने लगाया शिविर, 20 ने किया रक्तदान

**भिवानी।** बेटियों के प्रति समाज की संकीर्ण विचारधारा को बदलने एवं समाज से लिंगानुपात के भेदभाव को मिटाने की दिशा में कार्यरत्त लाडो-एक नई पहल संगठन द्वारा जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के उद्देश्य से भिवानी के ब्लड बैंक में रक्तदान कर सामाजिक संदेश दिया। इस मौके पर 20 यूनिट रक्तदान कर जरूरमंद मरीजों की जान बचाने के अभियान में आहुति डाली गई। इस मौके पर संगठन अध्यक्ष अमरदीप लडवाल ने कहा कि कई बार मरीज के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी अन्य व्यक्ति से रक्त लेने की आवश्यकता पड़ जाती है, ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में रक्त की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए, जिससे कि जरूरतमंद को जीवनदान मिल सकें। इस मौके पर डॉ. अनिल चौपड़ा, सुंदर स्वामी, पुरुषोत्तम शास्त्री, प्रवीण, सोनू गुर्जर, अमर राजपूत, प्रदीप मोनू, रामबीर शर्मा, संजय सिंह, मोहित, दीपक, सोनू पंडित, मोहित ग्रोवाल, समीर आदि मौजूद रहे।



### मांगों को लेकर पटवारी एवं कानूनगो की हड़ताल जारी

**चरखी दादरी।** दादरी में पटवारी व कानूनगो एसोसिएशन ने सोमवार को भी हड़ताल जारी रखकर धरने पर बैठे और सरकार के खिलाफ सांकेतिक धरना दिया। सोमवार को धरना प्रदर्शन 13वें दिन में प्रवेश कर गया। पटवारी व कानूनगो की हड़ताल के कारण आमजन को अपनी जमीन से जुड़े कार्यों के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 13 दिन से चल रहे धरने के कारण नकल जमाबंदी, इंतकाल, निशानदेही, गिरदावरी, रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, कैदियों के जमानत का कार्य, कोर्ट संबंधी भूमि के केसों में पैरवी इत्यादि अनेक आमजन से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे है, जिसकारण आमजन को खासी परेशानियां झेलनी पड़ रही है।

धरना की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रधान कुलबीर सांगवान ने कहा कि धरने को 13 दिन बीत चुके हैं ,किन्तु सरकार की तरफ से उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक संज्ञान नहीं लिया जा रहा है, इसलिए अब समय आ गया है कि इस धरने को अनिश्चिकालीन तक करने पर मजबूर होना पड़ेगा। धरने पर कांग्रेसी नेता मनीषा सांगवान ने पहुंचकर समर्थन दिया।



### डिपो होल्डर 20 के बाद चंडीगढ़ सीएम हाउस पर देंगे धरना

**भिवानी।** विभिन्न मांगों को लेकर डिपो होलडर एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक जिला प्रधान राज सरपंच मुंढाल कलां की अध्यक्षता में स्थानीय हुडा पार्क में आयोजित हुई। बैठक के बाद सभी सदस्यों ने एफएसओ मुकेश को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान राज सरपंच ने बताया कि सरकार ने 2022 में एक नया कानून बनाया है जिसके तहत डिपो संचालकों की आयु 60 वर्ष होने के बाद रिटायर कर दिया जाएगा । उन्होंने जब पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी व ईट भट्टा वालों का लाइसेंस लेने वाले 60 वर्ष की आयु में रिटायर नहीं होते तो राशन डिपो का लाइसेंस मिला हुआ है उन्हें क्यों रिटायर किया जा रहा है। यह कानून गलत है इसे वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि 600 राशन कार्डोंं पर एक डिपो होता था पर इसका 300 राशन कार्डोंं पर किया जा रहा है इससे तो दुकान का किराया एक कर्मचारी का वेतन व बिजली का बिल भी नहीं निकल पाएगा।

### आक्रोश रैली में जिला भर से पांच हजार कर्मचारी लेंगे भाग : रंगा

**भिवानी।** हरियाणा गर्वमेट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन बीएंडआर ब्रांच की जिला स्तरीय मीटिंग बीएंडआर रेस्ट हाऊस प्रांगण में प्रधान दशरथ रंगा की अध्यक्षता में संपन्न हुई तथा संचालन सचिव सुरेंद्र द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर जिला प्रधान सूरजभान जटासरा ने बताया कि शहर में कार्यरत्त सभी विभागों में डोरटू डोर अभियान चलाकर 4 फरवरी को रोहतक में होने वाली आक्रोश रैली की तैयारियां की जा रही है।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने इस रैली के दौरान रीच टू ईच का नारा देते हुए टीमों का गठन कर प्रचार.प्रसार को तेज किया है। इस राज्यव्यापी हड़ताल में जिला भर से लगभग 5 हजार कच्चे.पक्के कर्मचारी भाग लेंगे तथा 200 मोटरसाईकिलों का जत्था भी प्रदर्शन करते हुए रैली में पहुंचेगा। गठबंधन सरकार लगातार कर्मचारियों का शोषण कर रही है। सरकारी महकमों में बड़ी तेजी से आऊटसोर्सिंग, ठेका प्रथा, निजीकरण की नीतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्र व राज्य सरकार ने चुनाव में जनता को जो अच्छे दिन लाने के सपने दिखाए थे।

# फर्जी मुठभेड़ मामले में आठवें दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

**अफसरों पर लगाया दोषी पुलिस कर्मचारियों के बचाव का आरोप**

फर्जी मुठभेड़ और 10 लाख की रिश्वत मामले में कार्रवाई की मांग के लिए शिकायकर्ता पक्ष का धरना सोमवार को आठवें दिन भी जारी रहा। पुलिस प्रशासन द्वारा दोषी पुलिस कर्मचारियों पर कार्रवाई में देरी को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। सोमवार को कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता मनीषा सांगवान, आप जिला अध्यक्ष धनराज कुंडू, पूर्व पार्षद महेश गुप्ता,भारतीय किसान यूनियन से जगबीर ने समर्थन दिया।

कांग्रेस प्रवक्ता मनीषा सांगवान ने कहा कि वे जल्द ही इस विषय पर सांसद दीपेन्द्र हुड्डा से मुलाकात करेंगी और घटनाक्त्रम से अवगत करवाकर गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष फर्जी मुठभेड़ मामले को रखा जाएगा। आप पार्टी जिला अध्यक्ष धनराज कुंडू ने कहा कि आम आदमी पार्टी पीड़ितों को न्याय दिलवाने के लिए सदैव साथ है। पुलिस की इस निंदनीय घटना के विरोध में परिजनों का साथ दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी के बड़े नेता जल्द धरना स्थल पर आऐंगे और आप सभी से बातचीत करके पार्टी के बैनर तले पुलिस प्रशासन की नाकामियों के खिलाफ कठोर निर्णय लेने पर विस्तार से विचार विमर्श करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि अन्याय की लड़ाई में भी पीछे नहीं रहेंगे। हम सभी मिलकर कठोर रणनीति अपनाएंगे और पुलिस प्रशासन की नींव हिलाने का काम किया जाएगा।

## सोमवार सुबह 3.7 डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान

# धुंध ने रोके कदम, पारा चला जमाव बिंदू की ओर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पिछले कई दिनों से कड़ाके की ठंड की वजह से छोटी कांशी कांप रही है। हालांकि दो-तीन दिनों से दोपहर बाद धूप खिलने से राहत मिली है,लेकिन सुबह शाम के वक्त कड़ाके की ठंड की वजह से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं।

सुबह व शाम के वक्त पारा जमाव बिंदू की तरफ बढ़ने लगता है। सोमवार अल सुबह पारा 3.7 डिग्री के बिंदू पर रहा। जिसके चलते लोग ठंड से जबरदस्त परेशान रहे। अलाव के सहारे ही लोगों ने अपने आप को ठंड से बचाया। वहीं धुंध की गहनता के चलते वाहन चालकों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ी। सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त कड़ाके की ठंड थी और चहुंओर धुंध की चादर तनी हुई थी। उस वक्त पारा 3.7 डिग्री सेल्सियस के आसपास था। दिन निकलने तक लोगों की कंपकंपी छूटती रही। करीब 11 बजे के आसपास धीमी गति से हवा चली तो धुंध के बादल छंटने लगे। 12 बजे तक सूर्यदेव ने दर्शन देने आरंभ कर दिए। धूप खिलने के बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली। शाम के वक्त सूर्य ढलते ही फिर से लोगों की कंपकपी छूटती रही। शाम को जल्दी ही लोग घरों में दुबक गए।





**सब्जियों में नुकसान तो मोट अनाज की फसलों में होगा फायदा:** कड़ाके की ठंड की वजह से सब्जियों की फसलों में नुकसान होने की आशंका बनी है। कई जगहों पर सब्जियों की फसलें झुलसने लगी है। टमाटर, आलू, बेल वाली सब्जियां पूरी तरह से सर्दी से प्रभावित हो रही है। वहीं रबी की मोटे अनाज की फसलों में फायदा होगा। क्योंकि कड़ाके की ठंड की वजह से गेहूं व सरसों की फसलों में फुटाव बनेगा और उसकी औसतन पैदावार बढ़ेगी। फिलहाल किसानों के खेतों में गेहूं की फसल रौनक पर है।



हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
16 जनवरी 2024



हममें से अधिकतर लोग उन वस्तुओं और उपलब्धियों को लेकर खुशी महसूस नहीं करते, जो हमारे पास होती हैं, लेकिन उन अभावों से दुखी रहते हैं, जो दूसरों के पास होती हैं। हर स्थिति में खुश-संतुष्ट रहने का तरीका यही है कि हम अपना सही आकलन करते हुए मानसिकता को बदलें और दूसरों से तुलना के बजाय अपनी उपलब्धियों का आनंद लें।

# ज्यादा का इरादा खुशियों को करे आधा



कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

आज के दौर में अगर अवसाद, उदासी और चिंता की कोई सबसे बड़ी वजह है तो वह है असुरक्षा की भावना और खुद के पास दूसरों की तुलना में कम संसाधन होने की चिंता। संसाधन का अर्थ यहां कुछ भी हो सकता है, जैसे संपत्ति, धन-दौलत, मकान, गहने और भी बहुत कुछ। आइए, इन कारणों को जानते-समझते हैं, ताकि हम कभी अवसाद, उदासी और चिंता के शिकार ना हों।

## गलत ढंग से दूसरे से अपनी तुलना

हम अपनी तुलना अकसर उन लोगों के साथ करते हैं, जो अलग-अलग मामलों में हमसे बेहतर होते हैं। यानी बहुत सारे संपन्न लोगों की तुलना में हम अकेले साधन संपन्न होना चाहते हैं। ज्यादातर मामलों में दुखी व्यक्ति को अपनी मूलभूत जरूरतें पूरी ना होने की शिकायत नहीं रहती बल्कि अपनी अनंत इच्छाओं के अधूरा होने का दुख होता है। उसे अपने किसी रिश्तेदार, मित्र या पड़ोसी के पास खुद से ज्यादा सुविधाएं होने का दर्द सताता है। हमारा अवचेतन मन अकसर इस उधेड़बुन में लगा रहता है कि हमारी जिंदगी में कुछ ऐसा है, जो अपूर्ण है। हमें हमेशा यही लगता है कि दूसरे हमसे ज्यादा प्रसन्न, ज्यादा स्वस्थ, ज्यादा संपन्न और ज्यादा लोकप्रिय हैं। अनजाने में ही हम स्वयं को कमजोर महसूस करते हैं और आत्मग्लानि या तुलनात्मक हीनता के शिकार हो जाते हैं।

## उपलब्धियों से ऊर्जा प्राप्त करें

जब हम एक लक्ष्य को साध लेते हैं तो हममें दूसरे लक्ष्य को हासिल करने की ललक और ऊर्जा दोगुनी हो जाती है। हम निरंतर आगे बढ़ते चले



जाते हैं। कई बार लोग कहते हैं, क्या करें, हमें तो अवसर ही नहीं मिलता। जबकि फलां की किस्मत अच्छी है, तभी तो उसे इतनी तरक्की के चांस मिल जाते हैं। इस संदर्भ में जाने-माने दार्शनिक नेपोलियन हिल ने कहा है, 'यह दुनिया उन लोगों के लिए अच्छी है, जो जानते हैं कि वास्तव में उन्हें अपनी जिंदगी से चाहिए क्या और उन्हें किस चीज को हासिल करने में अपना समय और ऊर्जा लगानी चाहिए। कहने का आशय है, जो लोग अवसर को पहचानने की क्षमता रखते हैं और मौका मिलने पर उससे चूकते नहीं और उसके पीछे-पीछे चलते रहते हैं, वे सदैव आगे बढ़ते रहते हैं, सफलता पाते हैं।



## संतुष्टि और कृतज्ञता का भाव है जरूरी

असंतुष्टि और तुलनात्मक हीनता से उबरने का एक और फायदा यह है कि हमारे दूसरों के साथ संबंध भी मधुर होने लगते हैं। इतना ही नहीं, ईर्ष्या भाव से उबरने पर लोगों में हमारी छवि भी निखरती है। हम दयालु, परोपकारी और मददगार बनने लगते हैं, इससे हमें दुआएं मिलती हैं, साथ ही अपार खुशी और आत्मसंतुष्टि मिलती है। जहां पहले हम हमेशा कुढ़न-चिढ़न के शिकार रहते थे, हर वक्त अपनी तकदीर को कोसते थे, वहीं इस स्थिति में हम प्रकृति, ईश्वर और इस ब्रह्मांड के प्रति कृतज्ञता का भाव रखने लगते हैं। जब भी हमारा मन यह सोचकर बेचैन हो कि हम जमाने से पिछड़ गए हैं या हमारे पास वह नहीं है, जो हमारे परिचितों के पास है, तो हम झुग्गी-झोपड़ी और फुटपाथ पर रहने वाले दृष्टिहीनों, अपाहिजों की ओर देखें। हम जरा याद करें कि दुनिया में करोड़ों लोगों को दो वक्त का भोजन भी नहीं मिलता, तब यह समझ में आ जाएगा कि हमें कितना कुछ मिला हुआ है। ❁

### खुद पर रखें भरोसा

**जब हम** हमेशा खुद में कमियां ढूंढ़ते हैं, दुखी रहते हैं। हमें अवसर नहीं, समस्याएं ज्यादा दिखने लगती हैं तो हमारा पिछड़ना स्वाभाविक है। वहीं हम अपनी आत्मशक्ति, प्रतिभा और चातुर्य पर भरोसा करने लगते हैं तो हमारा मन आपदा में भी अवसर ढूंढ़ने लगता है, यहीं से शुरू होती है हमारी तरक्की का सिलसिला। अवसर कोई हलवाई की दुकान पर बिकने वाली मिठाई नहीं है, जो कोई हमारे हाथ में पकड़ा देगा और हम उसे गटक लेंगे। यह तो अपने हाथों से तैयार करने वाली होममेड मिठाई है, जिसके विभिन्न घटकों को एकत्रित करके हमें अपनी ऊर्जा की ऊष्मा से, विश्वास के तेल में पकाकर, अपनी मेहनत की चाशनी से मीठा करके इसका स्वाद चखना होता है।

### जरूरी है अपना सटीक आकलन

**सच तो** यह है कि हम स्वयं अपना आकलन कभी सही तरीके से नहीं करते हैं। यकीन मानिए, जैसा हम दूसरों के बारे में सोचते हैं, ठीक वैसा ही दूसरे भी हमारे बारे में सोचते हैं। हमारी सीमित या संकुचित सोच ही हमारी ज्यादातर दुर्बलताओं, तुलनात्मक हीनता और चिंता का कारण होती है। असंतोष का भाव और अंतहीन कामनाओं का दासत्व स्वीकार करना ही हमारी उदासी, झुंझलाहट और अवसाद की वजह है। हम अनजाने में ही दूसरों से बेवजह प्रतिद्वंद्विता करने लगते हैं, जबकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं होती। वास्तव में हमारी आवश्यकता अपने परिवार और खुद की जरूरतों को पूरा करने की होनी चाहिए। अपने जीवन की प्राथमिकता निर्धारित लक्ष्य हासिल करने की होना चाहिए, ना कि दूसरों जैसा बनने की। अगर हम अपनी जरूरतों को पूरा करने तक सीमित रहें और अपनी बेहतरी के लिए निर्धारित लक्ष्य को साधने में जुट जाएं तो हमें अनावश्यक तुलना और ईर्ष्या के लिए वक्त नहीं मिलेगा। हमारा चिंतन भी सार्थक कार्यों की ओर होने लगेगा, जो हमें आंतरिक खुशी और सुकून देगा।

---

## बदलते दौर में पैरेंट्स समझें बच्चों का भी होता है अपना व्यक्तित्व

भले ही पिछली सदी की तुलना में अब हम सबकी जीवनशैली कई स्तरों पर बदल चुकी है, लेकिन अधिकांश पैरेंट्स आज भी अपने बच्चों के स्वतंत्र व्यक्तित्व को नहीं स्वीकारते हैं। बच्चों के बेहतर विकास के लिए सभी पैरेंट्स को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए।



पैरेंटिंग / नीलम अरोड़ा

बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व होता है। सेमिनारों में, बौद्धिक विमर्शों में भले माता-पिता इस बात को स्वीकार करते हों, लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी में 99 फीसदी से ज्यादा माता-पिता को यही लगता है कि उनके बच्चे कुछ नहीं जानते या उनके बच्चों की कोई समझ नहीं है, क्योंकि वे मन से स्वीकार ही नहीं कर पाते कि बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व होता है। यही वजह है कि 99 फीसदी से ज्यादा माता-पिता अपने बच्चों को उनकी छोटी उम्र में हमेशा सिर्फ सिखाते रहते हैं, कभी गंभीरता से किसी भी मसले पर उनकी राय जानने की कोशिश नहीं करते। ऐसा नहीं है कि माता-पिता अपने बच्चों का भला नहीं चाहते या उन्हें खुश होते हुए नहीं देखना चाहते। ऐसा सब कुछ है, लेकिन फिर भी माता-पिता सहजता से इस बात को स्वीकार नहीं कर पाते कि उनके बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व है।

**कम उम्र में हो रहा बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण:** समाजशास्त्रियों का आकलन है कि इन दिनों बच्चों के व्यक्तित्व का विकास या उनके व्यक्तित्व का निर्माण बहुत कम उम्र में हो रहा है। दरअसल, सूचना क्रांति ने अनुमान से भी कहीं ज्यादा उनके लिए एक्सपोजर पैदा किया है। इसलिए पहले जो बच्चे 15-16 साल की उम्र में व्यावहारिक जिंदगी के तौर-तरीके सीखते थे, आज वैसे तौर-तरीके बच्चे 7 से 8 साल की उम्र में ही सीख जाते हैं। सोशल मीडिया ने और सोशल मीडिया तक पहुंच बनाने वाले स्मार्टफोन ने बच्चों को पिछली सदी के मुकाबले कम से कम एक हजार फीसदी तेज रफ्तार से उनकी विभिन्न चीजों के प्रति जानकारी पैदा की है और अपनी राय बनाने में भूमिका निभाई है। इसलिए आज बच्चों के पारंपरिक विकास की रफ्तार बहुत तेज हो गई है। लेकिन ज्यादातर माता-पिता इसे नहीं मानते हैं।

**गूगल ज्ञान की प्राप्ति :** एक जमाना था जब किसी भी बच्चे की जानकारियों के दो मुख्य स्रोत होते थे। घर में आमतौर पर पिता और घर के बाहर स्कूल के अध्यापक। यही कारण है कि तब लंबे समय तक हर बच्चे को लगता था कि उनके पिता दुनिया के सबसे ज्यादा जानकार व्यक्ति हैं। लेकिन यह मनोविज्ञान आज की पीढ़ी में नहीं है। आज की पीढ़ी के बच्चे किसी भी चीज की जानकारी पाने के लिए या अपनी किसी भी सहज जिज्ञासा के लिए गूगल का दरवाजा खटखटाते हैं, जहां उन्हें ज्यादातर सवालों के न्यूनतम बुनियादी जवाब मिल ही जाते हैं। इसलिए वह बड़ों की तरह गूगल ज्ञान पर मीनमेख नहीं निकालते बल्कि अपने स्तर पर उन्हें यह ऐसा गुरु मिल गया है, जिनके साथ बच्चे सबसे ज्यादा सहज हैं। दूसरी तरफ, मां-बाप आज भी इस उम्मीद में हैं कि उनके बच्चे उनसे ही दुनिया के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें और उनकी सोच और कल्पना के मुताबिक ही अपना व्यक्तित्व ढालें। वास्तव में सबसे बड़ा संकट यही है।

**ताजा परिदृश्य :** माता-पिता अपने बच्चों को सिखाने और बताने के लिए लालायित हैं, लेकिन बच्चे इस सब पर बहुत रुचि नहीं ले रहे, क्योंकि उन्हें भी लगता है कि उनके माता-पिता जानकारियां कम उपदेश ज्यादा देते हैं। इसलिए बच्चे उनसे दूरी बनाते हुए आज वर्चुअल दुनिया के साथ ज्यादा सहज हैं और मां-बाप को लगता है कि उन्हें दीन-दुनिया की कोई खबर ही नहीं है। इस विरोधाभासी सोच में संतुलन के लिए जरूरी है कि पैरेंट्स, अपनी मानसिकता को नए दौर के अनुसार बदलें। तभी बच्चों का बेहतर विकास होगा और उनके साथ आपकी बॉन्डिंग भी स्ट्रॉन्ग बनेगी। ❁

### अहम भूमिका निभा रहा आभासी समाज

**अगर बच्चों** और माता-पिता के बीच में भरोसे का जबरदस्त अभाव है, तो इसमें एक बड़ा कारण यही है कि माता-पिता इस बात को समझ ही नहीं पा रहे कि व्यक्तित्व गठन के मामले में उनकी जो रफ्तार थी, आज के बच्चों की रफ्तार उससे कई गुना ज्यादा तेज हो चुकी है। दूसरी बात, कम से कम मौजूदा और उसके पहले की पीढ़ी के माता-पिता भी यह समझने में ठीक-ठीक तालमेल नहीं बैठा पा रहे कि पहले की तरह अब बच्चों की जानकारियों और समझदारियां विकसित होने का स्रोत केवल माता-पिता स्कूल, कॉलेज या इर्द-गिर्द का समाज भर नहीं है बल्कि अब इन सबसे मिलकर भी कई गुना बड़ा एक आभासी समाज पैदा हो गया है, जो खासकर बच्चों को ना सिर्फ तेजी से प्रभावित कर रहा है बल्कि उनके व्यक्तित्व के निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका अदा कर रहा है।

---

## ऐसे सीखें आर्ट ऑफ पब्लिक स्पीकिंग

एडवाइस / अंजू जैन

आज के दौर में लोगों को जब अपना ज्यादातर काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर करने की जरूरत पड़ती है, यू-ट्यूब, वीलॉग या फेसबुक लाइव पर अकसर बोलना होता है, इस तरह लगभग हर प्रोफेशनल व्यक्ति के लिए पब्लिक स्पीकिंग का हुनर होना जरूरी हो गया है। आपके लाइव सेशन या वीडियो लोगों को आकर्षित करें और उपयोगी साबित हों, इसके लिए आपको कुछ बातों पर ध्यान देना होगा-

**श्रोताओं से जुड़ें :** अपने श्रोताओं से संवाद जरूर स्थापित करें। अपनी कही गई बातों से जुड़े प्रश्न जरूर पूछें और संभव हो तो उन्हें भी प्रश्न पूछने का मौका दें। इससे श्रोता आपकी ओर आकर्षित होंगे। श्रोताओं से



जुड़ने के लिए उनकी समझदारी या उनके गुणों की सराहना करें।

**श्रोताओं की पसंद समझें :** श्रोताओं की पसंद-नापसंद उनकी जरूरत और प्राथमिकताएं जान लेना आपके लिए काफी फायदेमंद होगा। इसके लिए पर्याप्त रिसर्च और होमवर्क करना जरूरी है।

**नए तथ्य रखें :** श्रोताओं के सामने नए और चौंकाने वाले तथ्य जरूर पेश करें। अपने वक्तव्य में कुछ ऐसी बातें या तथ्य रखने की कोशिश करें, जो श्रोताओं के लिए काफी उपयोगी और दिलचस्प हों, लेकिन उन्होंने कभी इन्हें सुना ना हो। वक्तव्य भाषण के दौरान छोटे-छोटे किस्से-कहानियों, रोचक घटनाओं या कहावतों का इस्तेमाल करें, इससे श्रोता आपकी ओर आकर्षित रहेंगे। माहौल हल्का-फुल्का रखेंगी तो श्रोताओं को आपके भाषण के दौरान जरा भी बोरियत महसूस नहीं होगी।

**नोट्स बनाएं :** जब भी आप फेसबुक पर लाइव हों या वीलॉग बनाना हो तो अपनी स्पीच की तैयारी पहले से कर लें। स्पीच के दौरान आपको जिस टॉपिक पर बोलना है, उससे जुड़े नोट्स अपने सामने रखें, ताकि किसी प्रकार की भूल-चूक ना हो। एकाध बार अपने स्पीच को रिकॉर्ड कर सुनकर अपनी खामियां दूर कर लें। ❁

### आराम से बोलें

समझा यही जाता कि जोर-जोर से या धाराप्रवाह बोलना अच्छा वक्ता बनने के लिए जरूरी है, लेकिन मंझे हुए वक्ताओं की मानें तो कुछ वाक्य बोलने के बाद बीच में एक पल रुकना जरूरी है। इससे लोग आपकी बात ज्यादा एकाग्रचित्त होकर सुनेंगे।

---

## जब करवाना हो नेल एक्सटेंशन

अगर आपके नेल्स, नेचुरली लंबे और खूबसूरत नहीं हैं तो आप नेल एक्सटेंशन के जरिए इन्हें अट्रैक्टिव बना सकती हैं। लेकिन ऐसा करवाने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, ताकि आपके नेचुरल नेल्स को कोई नुकसान ना हो।

सजेशन / ललिता गोयल

मजबूत, लंबे और आकर्षक नाखून हथेलियों की खूबसूरती को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि फैशनेबल और अट्रैक्टिव दिखने के इस दौर में नेल एक्सटेंशन द्वारा नेल्स को खूबसूरत दिखाने का ट्रेंड काफी बढ़ गया है। लेकिन नेल एक्सटेंशन कराते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि जिस तरीके से आप अपनी स्किन केयर करती हैं, वैसे ही नेल्स की भी प्रॉपर केयर करना जरूरी होता है।

**नेल एक्सटेंशन प्रोसेस :** नेल एक्सटेंशन में सबसे पहले आपके असली नेल्स को फॉइल किया जाता है और उनके साइड्स को साफ किया जाता है। नेल एक्सटेंशन, जैल और एक्रेलिक दो प्रकार के होते हैं। एक्रेलिक नेल एक्सटेंशन में एक आर्टिफिशियल नेल टिप आपके नाखूनों की लंबाई पर चिपका दी जाती है और फिर उस पर लगाने के लिए एक पावडर और लिक्विड मिलाया जाता है। जैल नेल एक्सटेंशन को लगाने के लिए एक रेडिमेड मिक्सचर का उपयोग किया जाता है, जिसे नेचुरल नेल बेड पर लगाया जाता है। छोटे नाखूनों के लिए जैल नेल एक्सटेंशन का इस्तेमाल करना बेहतर माना जाता है।

**प्रिकॉशन है जरूरी :** अगर आप नेल एक्सटेंशन करवा रही हैं तो ध्यान रखें कि यह पर्मानेंट नहीं होता है। यह केवल 4-6 सप्ताह तक ही बना रहता है। इसकी अवधि, नेल



एक्सटेंशन के तरीके और आपके ब्यूटी सैलून पर भी निर्भर करता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि नेल एक्सटेंशन करवाने के बाद आप वो सब काम नहीं कर सकती हैं, जो आप अपने नेचुरल नाखूनों के साथ कर सकती हैं जैसे टाइपिंग या घर के साफ-सफाई और रसोई के काम।

**लॉन्ग ड्यूरेबल होंगे नेल एक्सटेंशन :** नेल एक्सटेंशन लंबे समय तक टिका रहे, हाथों की खूबसूरती बनी रहे इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- जल्दी-जल्दी या रेग्युलर नेल एक्सटेंशन कराने से नाखून कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में नेल एक्सटेंशन कराते समय थोड़ा गैप रखना जरूरी होता है।
- नेल एक्सटेंशन करवाने से पहले नेल्स की मसाज करना जरूरी है। नेल्स की मसाज ऑलिव ऑयल या बादाम के तेल से की जा सकती है। ऐसा करने से नेल्स की सही ग्रोथ होती है, साथ ही नेल्स मजबूत भी बनते हैं।
- नेल एक्सटेंशन कराने से पहले आप अपने नाखूनों को काटना ना भूलें क्योंकि बढ़े हुए नाखूनों पर नेल एक्सटेंशन कराने से नेल बेड टूटने लगते हैं और नेल्स कमजोर हो जाते हैं।
- बारिश के दिनों में नेल एक्सटेंशन कराने से पहले नाखूनों को अच्छी तरह से मॉयश्चराइज कर लें। दरअसल, नेल एक्सटेंशन नेल्स की नमी को कम करने के साथ ही क्यूटिकल्स को भी सख्त बना देता है, जिससे नाखून रफ हो सकते हैं। इसलिए पहले ही नाखूनों को मॉयश्चराइज कर लें।
- आपकी नेल एक्सटेंशन खूबसूरत और मेंटेन रहे, इसके लिए समय-समय पर नेल्स रीफिल कराना ना भूलें। इससे नेल्स मजबूत होंगे। साथ ही उनकी खूबसूरती लंबे समय तक बनी रहेगी।
- नेल एक्सटेंशन खराब ना हो, इसके लिए एक्सटेंशन कराने के बाद भारी वजन ना उठाएं क्योंकि इससे अकसर नाखून टूट जाते हैं या उनमें क्रेक आ जाता है।
- नेल एक्सटेंशन को घर पर ना हटाएं। इससे आपके नेचुरल नाखूनों को नुकसान पहुंच सकता है। नेल एक्सटेंशन को हटाने के लिए नेल टेक्नीशियन के पास जाना ही बेहतर उपाय होता है। ❁

**(नेल एक्सटेंशन एक्सपर्ट लतिका खुराना से बातचीत पर आधारित)**

---

वैसे जाड़े के दिनों में ब्रोकली बाजार में तो खूब मिलती है लेकिन अगर आप ऑर्गेनिक और अधिक पौष्टिक ब्रोकली खाना, खिलाना चाहती हैं तो इसे गार्डन में उगा सकती हैं। इसे कैसे उगाएं और किन बातों का ध्यान रखें, बता रहे हैं आपको।

## किचेन गार्डन में ऐसे उगाएं पौष्टिक ब्रोकली

गार्डनिंग / अनु आर.

अब से कुछ साल पहले तक अपने देश में ब्रोकली इसलिए कम चर्चा में रहती थी, क्योंकि तब यह बहुत महंगी हरी सब्जी होती थी। उन दिनों जब बाकी सब्जियां 5 से 10 रुपए पाव बिकती थीं, तब यह 30-40 रुपए पाव तक मिलती थी। क्योंकि तब ब्रोकली विदेशी सब्जी मानी जाती थी और यह बड़े पैमाने पर बाहर से ही आती थी। लेकिन अब ब्रोकली स्थानीय सब्जी बन चुकी है।

**कई गुणों से भरपूर:** ब्रोकली इतने गुणों से भरपूर होती है कि पहली नजर में इसके गुणों को जानकर लगता है यह कोई औषधीय सब्जी है। मिसाल के तौर पर ब्रोकली शुगर लेबल को कंट्रोल करती है। यह वजन घटाने में मददगार है। हृदय रोग, कैंसर, आंखों की समस्याओं और कमजोरी में यह फायदेमंद है। इसके खाने से लिवर मजबूत होता है, हड्डियां लचीली और ताकतवर बनती हैं। उच्च रक्तचाप नियंत्रित रहता है, बैड कोलेस्ट्रॉल में कमी आती है, कैंसर का खतरा कम होता है, त्वचा स्वस्थ और चमकदार रहती है। ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाव होता है। ब्रोकली अगर इतनी फायदेमंद है तो इसलिए क्योंकि इसमें अनेक पौष्टिक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें जिन पौष्टिक तत्वों की भरमार है, उनमें शामिल हैं- विटामिन सी, बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन ए, फोलिक एसिड, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, एंटीइनफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंटिव प्रॉपर्टीज और फाइबर भी पाए जाते हैं। ब्रोकली भले अब विदेशी सब्जी ना होकर स्थानीय सब्जी बन गई हो, लेकिन भरपूर गुणकारी होने की वजह से





दूसरी हरी सब्जियों के मुकाबले यह महंगी मिलती है। इसलिए बेहतर है, अपने किचेन गार्डन में ब्रोकली उगाएं, इससे आपको शुद्ध ऑर्गेनिक ब्रोकली का स्वाद मिलेगा।

**उगाने के लिए सही है सर्दियां:** अब सवाल है, ब्रोकली को अपने किचेन गार्डन में कब और कैसे उगाएं? भारत में सर्दियों का मौसम खासकर दिसंबर, जनवरी का महीना इसके उगाने या नर्सरी के जरिए इसे लगाने का सबसे बढ़िया समय होता है। आमतौर पर यह बहुत आसानी से और कम रख-रखाव में भी किचेन गार्डन की सबसे उपयोगी सब्जी के रूप में फलती-फूलती है।

**मिट्टी और धूप:** ब्रोकली उगाने के लिए वैसे ही मिट्टी बनानी पड़ती है, जैसे फूलगोभी या पत्तागोभी को उगाने के लिए बनाते हैं। लेकिन ब्रोकली गमले में या जमीन में जहां भी उगाएं इस बात को सुनिश्चित कर लें कि वहां दिन में कम से कम छह घंटे धूप जरूर आती हो। ब्रोकली ऐसी मिट् टी में अच्छी तरह से उगती और विकसित होती है, जो पानी को सोख लेती है। प्राकृतिक खाद से उपजी ब्रोकली में ही इसके सौ फीसदी फायदे मिलते हैं। देसी खाद से भरपूर मिट्टी में इसे क्यारी बनाकर लगाना या चाहिए। गाय के गोबर और कंपोस्ट खाद इसके उगाने और बढ़ने तथा विकसित होने में बहुत कारगर भूमिका निभाते हैं। ब्रोकली को अगर उगा रही हैं तो जब उसके पौध 4 से 6 हफ्ते के हो जाएं तो उन्हें अलग-अलग गमलों में स्थानांतरित कर दें, दो पौधों के बीच की दूरी कम से कम दो इंच रखें। नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटैशियम ब्रोकली के लिए तीन सबसे अच्छे उर्वरक हैं। अगर सही ढंग से आपकी उगायी या लगाई गई ब्रोकली विकसित होती है, तो ब्रोकली का एक पौधा फसल में आपको एक सीजन में कम से कम 10 या 12 बार ब्रोकली का फूल दे सकता है। ❁

## खबर संक्षेप

### खेलों से होता है मानसिक व शारीरिक विकासः मनमोहन

**बवानी खेड़ा।** खेलों से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। उक्त शबद मनमोहन भुरटाना ने बतौर मुख्यातिथि श्री दक्ष प्रजापति चेरिटेबल ट्रस्ट बवानी खेड़ा द्वारा आयोजित राजकीय वमावि खेल प्रांगण बवानी खेड़ा में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहे। सभी टीम खेल भावना से खेलने पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

### जरूरतमंदों को नेकी की दीवार से मिल रहा लाभ

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा कस्बें में एक माह पहले शुरू की गई नेकी की दीवार से जरुरतमंद लोगों की जरूरतें पूरी हो रही है। रोजाना एक दर्जन से ज्यादा लोग जरूरत के हिसाब से कपड़े ले और सक्षम व्यक्ति ज्यादा कपड़े होने पर दे रहे है। इस अवसर हरियाणा जागृति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिंधू ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है।

### पूर्व सैनिकों की सहायता के उद्देश्य से बढ़ाये कदम

**भिवानी।** अपने जीवन का अहम समय देशसेवा को समर्पित करने वाले पूर्व सैनिकों के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए गांव बीरन में पूर्व सैनिक सहायता केंद्र शुरू किया गया है, जिसके अंतर्गत पूर्व सैनिक अपनी ईसीएचएस कार्ड, कैंटीन कार्ड व पेंशन आदि समस्याओं का समाधान करवा सकते है।

### थल सेना के इतिहास एवं शौर्य से करवाया अवगत

**भिवानी।** नेहरू पार्क में सोमवार को वेटरन संगठन की मीटिंग का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी को थल सेना दिवस पर थल सेना के इतिहास एवं शौय से अवगत करवाया गया। बैठक की अध्यक्षता वेटरन संगठन के जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल ने की। बैठक के दौरान नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की, जिसमें सूबेदार राजाराम यादव प्रहलादगढ़ को उपाध्यक्ष, सूबेदार ओमप्रकाश ओमप्रकाश उपाध्यक्ष, कैप्टन सुरेश तंवर भिवानी ब्लॉक का अध्यक्ष एवं नायक पैरा कमांडो नीरज कुमार हरसुख ढ़ाणी को महासचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई।

## स्कूल संस्थापक महान दानवीर सेठ किरोड़ीमल की 132वीं जयंती मनाई

# नन्हें मुन्ने बच्चों ने मोबाइल एडिक्शन पर नृत्य प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध किया

कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बिशेश्वर प्रसाद ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




भिवानी। केएम पब्लिक स्कूल में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बिशेश्वर प्रसाद व अन्य व केएम पब्लिक स्कूल में हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

केएम पब्लिक स्कूल में सेठ किरोड़ीमल चैरिटी ट्रस्ट रायगढ़ के चेयरमैन रमेश मोड़ा के सान्निध्य में स्कूल संस्थापक महान दानवीर सेठ किरोड़ीमल लुहारीवाला की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बिशेश्वर प्रसाद, विशिष्ट अतिथि इंडियन एग्रो फूड्स के चेयरमैन दीपक मित्तल, ट्रस्टी मयंक मोडा, उद्योगपति महेंद्र सिंह सिंघानिया, प्रदेश राजपूत सभा के अध्यक्ष ओमबीर सिंह तंवर ने शिरकत की।

विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया एवं प्रबंधक आनंद बासिया ने अतिथियों का स्वागत फटका पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिथियों, समिति अध्यक्ष सिंघानिया, प्रबंधक बासिया, कानूनी सलाहकार जितेंद्र गोयल, प्राचार्या रेनू सैनी, नीलम गौतम, अमिता शर्मा व सुनील शर्मा ने मां सरस्वती व सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण व द्वीप प्रज्ज्वलन करके किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना से की। कक्षा पांचवीं से नौवीं के विद्यार्थियों ने सुंदर स्वागत नृत्य तथा पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के नन्हें मुन्नें बच्चों ने मोबाइल एडिक्शन पर नृत्य प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध किया। छात्रा गुंजन ने भाषण व अंशिका तंवर ने सुंदर हिंदी कविता के माध्यम से सेठ किरोड़ीमल की जीवनी पर प्रकाश डाला। कक्षा छठी से आठवीं के छात्रों ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, नौवीं से बारहवीं के छात्रों ने हरियाणवी व पंजाबी नृत्य प्रस्तुति देकर धूम मचाई। विद्यार्थियों ने किंगडम ऑफ फूल्स विषय पर अंग्रेजी लघु नाटिका तथा कार्तिक ने श्लोकोच्चारण की प्रस्तुति दी। मुख्यतिथि न्यायमूर्ति बिशेश्वर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि महान दानवीर सेठ किरोड़ीमल द्वारा किए दान से अनेक शिक्षण संस्थान चल रहे हैं, जिनमें लाखों बच्चे शिक्षाग्रहण कर लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने शिक्षा, शिक्षण में तकनीकी, शिक्षा का प्रयोग के बारे में बताया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने अतिथियों को शॉल व स्मृति चिह्न प्रदान किया। ट्रस्ट के चेयरमैन रमेश मोडा ने सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

### इन्हें मिला सम्मान

*कक्षा बारहवीं के राहुल व जशिका के भिवानी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें 3100 रुपये, 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 1500 व विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 1100 रुपये नकद पुरस्कार स्वरूप, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक विजेता हर्षिल को 3100 व कराटे में कांस्य पदक विजेता गजेश को 2100 रुपये नकद पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए। गीता महोत्सव में राज्यस्तर पर प्रथम रहे कार्तिक को 2100, तृतीय रही काश्वी व प्राची को 1100 रुपये व कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न से सम्मानित किया।*

### सेठ किरोड़ीमल को किया नमन

***भिवानी।*** *दानवीर सेठ किरोड़ीमल की 132वीं जयन्ती पर वैश्य महाविद्यालय में उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। स्मृति समारोह का शुभांरभ वैश्य महाविद्यालय परिवार एवं सेठ किरोड़ीमल ट्रस्ट ने सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा को माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके किया। कार्यक्रम में सेठ किरोड़ीमल चैरिटेबल ट्रस्ट, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट व कॉलेज स्टाफ सदस्यों ने सेठ किरोड़ीमल को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रुप से सेठ किरोड़ीमल चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी मनीष सिंघानिया, ट्रस्ट के कानूनी सलाहकार जितेन्द्र गोयल, ट्रस्ट से मयंक मोडा, केएम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आनन्द बासिया, डॉ. पवन बुवानी वाला आदि मौजूद रहे।*



भिवानी। विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

## रंगोली में केएम बीएड कॉलेज की सोनाली ने मारी बाजी

- केएम बीएड कॉलेज में अन्तर-महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

किरोड़ीमल शिक्षण महाविद्यालय में सेठ किरोड़ीमल लोहारीवाला का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। उनकी जयंती पर कॉलेज में अन्तर-महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा पर सेठ किरोड़ीमल चैरिट्री ट्रस्ट रायगढ़ के चेयरमैन रमेश मोडा, महासचिव मनीष सिंघानिया, कानूनी सलाहकार जितेन्द्र गोयल व पवन जैन एडवोकेट ने पुष्प अर्पित कर एवं मां सरस्वती के सम्मान में द्वीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने कहा कि सेठ किरोड़ीमल ने भिवानी के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया, वो एक युगपुरूष थे, जिन्होंने भिवानी जिले में शिक्षा की भगीरथी को प्रवाहित किया। प्राचार्य डॉ. राजीव ने मुख्यतिथि का बुके देकर स्वागत किया। मंच संचालन डॉ. महाबीर सिंह, विद्यार्थी साक्षी एवं भारत ने किया।

### ये रहा परिणाम

में राजकीय बीएड कॉलेज की सोनिया ने पहला, पंडित सीताराम शास्त्री बीएड ट्रेनिंग कॉलेज आरती ने दूसरा व वैश्य महाविद्यालय की वन्दना बिस्ट ने तीसरा, कोलाज में पंडित सीताराम शास्त्री बीएड ट्रेनिंग कॉलेज की हंशु गुप्ता ने प्रथम, किरोड़ीमल शिक्षण महाविद्यालय के अभिषेक ने द्वितीय व ब्रहामण कॉलेज ऑफ एजुकेशन रोहतक चंचल गौड़ ने तृतीय, पोइटीक रेसीटेशन हिन्दी में ललिता नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन लोहारू की ललिता ने प्रथम, पंडित सीताराम शास्त्री बीएड कॉलेज की वर्षा ने द्वितीय व गौड़ ब्रहामण कॉलेज ऑफ एजुकेशन रोहतक की चेतना गौतम ने तृतीय, रंगोली में केएम बीएड कॉलेज की सोनाली ने प्रथम, पंडित सीताराम शास्त्री बीएड कॉलेज की स्वीटी ने द्वितीय व यूटीडी सीबीएलयू निक्की ने तृतीय स्थान जीता।

## जिम्मेदारी का करें निर्वहन बेहतरीन कर्मयोगी बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सरकार के प्रत्येक कर्मचारी को कर्मयोगी बनाने के प्रशिक्षण के दौरान कार्यक्षेत्र पर जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा बेहतरीन पब्लिक डिलिंग के टिप्स दिए। साथ ही कार्य में देरी होने पर भ्रष्टाचार को बढावा मिलता है। इस तरह की व्यवस्था से बचे। रोज का कार्य रोजाना करें। ताकि पब्लिक के कार्यो की सूची लंबी न बन पाए।

वहीं शिक्षकों को क्लासरूम में बच्चों के साथ बेहतरीन व्यवहार करने के भी नुक्ते बताए। ताकि विद्यार्थियों व शिक्षकों में बेहतरीन तालमेल बन सके। सोमवार को सेठ किरोड़ीमल स्कूल में आयोजित कर्मयोगी प्रशिक्षण शिविर में कर्मचारियों को कर्मयोगी बनने के टिप्स दिए। प्रशिक्षकों ने बताया कि श्रेष्ठ कर्मचारी बने।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग ने सरकार के निर्देशों के बाद प्रत्येक कर्मचारी को एक.एक दिन का कर्मयोगी बने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भिवानी शहर के दोनों बड़े स्कूलों में करीब रोजाना चार सौ कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया है।

## श्रम राज्य मंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं

- श्रम राज्यमंत्री अनूप धानक ने कुड़ल में लाइब्रेरी और धानक चौपाल का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू



लोहारू। कुड़ल में चौपाल का उद्घाटन करते हुए श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक।

प्रदेश के श्रम राज्यमंत्री अनूप धानक ने गांव कुड़ल का दौरा कर धानक चौपाल व लाइब्रेरी का उद्घाटन किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार परिवार पहचान के माध्यम से गरीब लोगों को घर बैठे सरकार की योजनाओं का फायदा दे रही है। सरकार ने अनुसूचित जाति पिछड़े वर्ग के लोगों के जीवन उत्थान के लिए अनेक नीतिंया लागू की है। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। राज्य मंत्री कुड़ल में लाइब्रेरी और धानक चौपाल का उद्घाटन कर रहे थे। राज्य मंत्री ने कहा सरकार ने पात्र व जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए ऑन लाइन नीति को अपनाया है जिससे सबसे अधिक लाभ गरीब लोगों को हुआ है। उन्होंने पात्र लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। श्रम राज्यमंत्री ने गांव कुड़ल में ग्रामीणों की मांग पर धानक समाज की चौपाल में अतिरिक्त ग्रांट देने, सपेरा समाज की चौपाल के लिए 5 लाख की ग्रांट देने, गांव में व्यायामशाला का निर्माण करवाने, गोशाला में चारे के लिए शेड बनवाने आदि की घोषणा की। कार्यक्रम को जेजेपी के जिला प्रधान जोगेंद्र बागनाला, जेजेपी के प्रदेश संगठन सचिव विजय गोठड़ा, महिला सेल की जिला अध्यक्ष एवं जेजेपी की लोहारू से प्रत्याशी अलका आर्यए, हल्का प्रधान सुरेंद्र किलका आदि मौजूद रहे।

### सच्चे मार्गदर्शक होते हैं बुजुर्गः कृष्णानंद

**भिवानी।** कृष्णा कालोनी क्षेत्र में स्थित तपोभूमि परमहंस योगाश्रम धाम में भिवानी में चार दिवसीय वार्षिक महोत्सव गायत्री महायज्ञ बुजुर्ग सम्मान समारोह व माता की चौकी के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ । भक्तों ने श्रद्धा भाव से यज्ञ में आहुति दी ।

इस अवसर पर कार्यक्रम में सानिध्य कृष्णानंद सरस्वती का रहा। इस अवसर पर वृद्ध सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठ महिला व पुरुष बुजुर्गों को के सानिध्य में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनुभवों को सबके साथ साझा किया।

## गणतंत्र दिवस के लिए 19 को होगा सांस्कृतिक टीमों का प्रारंभिक चयन

***चरखी दादरी।*** *गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमों का चयन आगामी 19 जनवरी को किया जाएगा। शिक्षण संस्थानों को चयन का स्थान और समय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर बताया जाएगा। नगराधीश आशीष सांगवान ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर हर साल की तरह 26 जनवरी को नई अनाजमंडी परिसर में जिलास्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त मनदीप कौर पहले ही इस समारोह की तैयारियों को लेकक बैठक कर चुकी हैं और विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां भी लगा दी गई हैं। इसी कड़ी में उपायुक्त ने सांस्कृतिक टीमों के चयन के लिए सीटीएम आशीष सांगवान की अध्यक्षता में कमेटी बना दी है। इसमें डीआईपीआरओ संदीप हुडा, जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा फौगाट और संगीत अध्यापिका इंदू गुलिया को सदस्य बनाया गया है। उपायुक्त के निर्देश अनुसार 19 जनवरी को कमेटी द्वारा सांस्कृतिक टीमों का चयन किया जाएगा। शिक्षण संस्थानों को चयन का समय और स्थान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से बताया जाएगा।*

## दिव्यांगों को यंत्र देने की घोषणा

- कबीर देव शिक्षा जागृति समिति आश्रम में भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते दिव्यांगजन तथा मंचासीन विधायक घनश्यामदास सर्राफ व अन्य। फोटो :हरिभूमि

बावड़ी गेट रविदास मंदिर के पास स्थित कबीर देव शिक्षा जागृति समिति आश्रम में मकर संक्रांति पर्व पर भंडारे का आयोजन किया, जिसमें बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश गौड़ ने शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ संत करीब महाराज की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। समारोह में पहुंचने पर दिव्यांग बच्चों व समिति प्रधान भगवानदास कालिया ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। अतिथिगणों ने दिव्यांगों को संगीत के प्रति जागरूक करने के लिए संगीत वाद्य यंत्र देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समिति दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए समय-समय पर अनेक कार्य करती है, जो सराहनीय हैं। इस अवसर पर राम इंदौरा, साधूराम डाबला, राजू सोलंकी, प्रदीप किराड़, सुरेश किराड़, बबलू डाबला, दिनेश, प्रवेश, लोकेश, सन्नी इटकान आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का जिला स्तरीय शिविर हुआ संपन्न

***भिवानी।*** *राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धारेडू में जारी राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का रविवार को समापन हो गया। शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य श्री भगवान शास्त्री ने की तथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में सरपंच बजरंग शर्मा एवं प्रधान प्रदीप भारद्वाज ने शिरकत की। मंच संचालन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ईश्वर शास्त्री ने किया। सात दिवसीय शिविर के कार्यक्रम अधिकारी ईश्वर शास्त्री ने मुख्य अतिथि के समक्ष शिविर के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा की गई गतिविधियों को विस्तार से बताया। इस दौरान नशा मुक्ति एवं स्वच्छता को लेकर रैली भी निकाली गई। इस दौरान आजादी के अमृत महोत्सव थीम के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारतए स्वच्छता नशा मुक्ति हरियाणा, बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ की विशेष रूप से चर्चा की गई। समापन समारोह के अध्यक्ष भगवान शास्त्री ने स्वयंसेवकों एवं अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम अधिकारी ईश्वर शास्त्री ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन एवं विनम्रता आवश्यक है। विद्यार्थी अपने जीवन में एक उद्देश्य तय करें तथा अनुशासित एवं विनम्र रहकर लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत करें।*



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

## बच्चों की प्रतिभा निखारने को करवाएं सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बच्चों को पढ़ाई के तनाव से दूर करने एवं शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी पारंगत बनाने के उद्देश्य से नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान एवं जिला युवा अधिकारी रोहित कुमार के निर्देशानुसार किरोड़ीमल मंदिर नजदीक स्थित चिड़िपाल गली में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के आयोजन में श्रद्धा वेलफेयर सोसाइटी का मुख्य रूप से सहयोग रहा। सोसायटी की प्रधान श्वेता गर्ग ने बच्चों को स्वागत गीत, नृत्य कला, कविताएं व भाषण की कला सिखाई। सोसायटी की प्रधान श्वेता ने कहा कि बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कला सिखाने के लिए नेहरू युवा केंद्र का यह सराहनीय कदम है, इससे बच्चें शिक्षा के साथ-साथ अन्य कलाएं भी सीख पाएंगे। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियां भी आवश्यक है, इसकी सार्थकता तभी है, जब विद्यार्थी इनमें बढ़-चढकर भाग लें। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य की सोच रखकर ऐसे आयोजनों का होना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर अनुराधा, सोनल, सारिका, कविता, मीनाक्षी, दिव्यांशी, अस्मिता, खुशी, आंख, आरूष, नंदिनी, कृषिका, अंश आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008



## एमएसपी सहित अन्य मांगों को लेकर 26 को शहर में ट्रैक्टर व बाइक परेड

***चरखी दादरी।*** *संयुक्त किसान मोर्चा के आहवान पर जिले की खापों, किसान व मजदूर संगठनों व केन्द्रीय ट्रेड यूनियनें से जुडे संगठनों की बैठक किसान सभा जिला प्रधान रणधीर कुंगड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सांगवान खाप, फोगाट खाप व ट्रेड यूनियनों से जुड़े संगठनों द्वारा किसानों, मजदूरों व आमजन की मांगों को लेकर आगामी 25 जनवरी तक जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इसके उपरांत गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को शहर में संयुक्त रूप से ट्रैक्टर व बाइक परेड की जाएगी। इसके बाद 22 जनवरी को क्षेत्र की खापों, किसान व मजदूर संगठनों की महापंचायत रोज गार्डन होगी। आज की बैठक में समस्याओं से निपटने में सहयोग के लिए कमेटी गठित की, जिसमें अगले माह 16 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया। बैठक में सांगवान खाप प्रवक्ता रणधीर घिकाड़ा व कन्नी प्रधान मास्टर ताराचंद चरखी, फोगाट खाप प्रधान बलवंत नम्बरदार, सचिव सुरेश फौगाट व किसान सभा राज्य कमेटी सदस्य कामरेड ओमप्रकाश, सीआईटीयू जिला प्रधान कमलेश भैरवी ने कहा कि किसानों को एमएसपी गारंटी देने, बिजली बिल 2023 को रद करवाने, लखीमपुर खीरी के किसानों को न्याय दिलाने की मांग उठाई। मजदूरों के लिए चार कोड रद कर पुराने कानून बहाल करने, सेना भर्ती में अग्निवीर की स्थाई भर्ती करने की मांग को लेकर अभियान चलाया जाएगा।*

## अभिभावक बच्चों को नए विकल्प के लिए तैयार करें : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़डा



बाढडा। कार्यक्रम के दौरान मौजूद बाढ़डा एसडीएम सुरेश दलाल व विद्यार्थी।

राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को उच्च स्तरीय निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य के साथ हरियाणा शिक्षा विभाग व विकल्प फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों के तहत सोमवार को मिशन बुनियाद और हरियाणा सुपर 100 कार्यक्त्रम का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयए बाढ़डा में किया गया । जिसमें खंड के स्कूलों से आठवीं और दसवीं के प्रतिभाशाली बच्चों ने भाग लिया।

### निःशुल्क कोचिंग

इस कार्यक्रम में बाढ़डा के एसडीएम सुरेश दलाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विकल्प फाउंडेशन के अधिकारी भी कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताने के लिए उपस्थित रहे। जिला स्तर से डीएसएस वीनू शर्मा उपस्थित रही। एसडीएम सुरेश दलाल ने बच्चों को कुछ नया करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए सरकार की यह मुहिम बहुत ही लाभकारी है।

मिशन बुनियाद और सुपर100 आपको आईआईटी और मेडिकल लाइन के लिए विशेष मंच प्रदान करता है। विकल्प फाउंडेशन से सुप्रिया और अरविंद कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा और विकल्प फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों से सुपर 100 और मिशन बुनियाद की शुरुआत की गई जिसका मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को आधुनिक शिक्षा पद्धति द्वारा निःशुल्क सांइस व मैथ की कोंचिग देकर अव्वल शिक्षा संस्थानों में उच्चतर शिक्षा पाने के लिए तैयार करना है। सुपर 100 की शुरुआत 2018 में की गई थी जो कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए है।



गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिले (9am to 7pm)
पताः 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।